आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मॉनसून की वर्षा का क्रम रुक–रुक कर जारी है। इस मॉनसून सीजन में आपदा की मार झेल रहे मंडी जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। जिले के कई स्थानों पर नदी–नाले उफान पर हैं और प्रशासन ने जिले में नाजुक स्थिति के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने व प्रशासन के दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है। मंडी जिला के सुंदरनगर उपमंडल में भारी बारिश के चलते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक व प्राथमिक पाठशाला धिरी के अलावा प्राथमिक पाठशाला थमारी व खरलोह में आज अवकाश घोषित किया गया है। उधर, चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की बलोठ पंचायत में भूस्खलन के चलते एक दर्जन के लगभग गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह कट गया है। भारी वर्षा के चलते भूस्खलन से प्रदेश भर में चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग व 449 सड़कें यातायात के लिए बाधित हो गई हैं। इसके अलावा 753 बिजली ट्रांसफार्मर और 276 पेयजल योजनाएं भी ठप हैं। मौसम विभाग ने आज ऊना, बिलासपुर और कांगड़ा जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, जबकि हमीरपुर, मंडी और सिरमौर जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण उत्पन्न कठिन परिस्थितियों के बावजूद जल शक्ति विभाग ने 5 हजार 4 सौ 40 जलापूर्ति योजनाओं को अस्थायी रूप से बहाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये कुल प्रभावित जलापूर्ति योजनाओं का लगभग 95 प्रतिशत है। उप–मुख्यमंत्री ने विपरीत परिस्थितियों में विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्य की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारी दिन–रात फील्ड में रहकर प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की बहाली में जुटे हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित जलापूर्ति योजनाओं को लगभग 4 सौ 34 करोड 47 लाख़ रुपये का नुकसान हुआ है और एक हजार 2 सौ 93 सिंचाई योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि भाजपा 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बिंदल ने ये जानकारी दी।

*13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान योद्धाओं के लिए जिनके समर्पण से देश को आजादी मिली उनका स्मरण करते हुए हर घर तिरंगा पहुंचाना और 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा 171 मंडलों में की जाएगी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उसकी जानकारी पूरे प्रदेश के नौजवानों के साथ साझा करने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी।*

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लॉटरी को दोबारा शुरू करने के प्रदेश सरकार के फैसले को जनविरोधी बताया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल ने लोगों के घर उजड़ने और आत्म हत्याओं की घटनाओं के बाद लॉटरी को बंद किया था। जयराम ठाकुर ने कहा कि लॉटरी के कारण कई परिवार तबाह हुए और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने भी इसे बंद किया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश हित को देखते हुए इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

*हिमाचल प्रदेश का लॉटरी बंद करने का सबसे बड़ा कारण यह था कि बहुत सारे परिवार उजड़ गए थे घर नीलाम हो गए थे, लोगों ने आत्महत्या कर ली थी और वर्तमान सरकार ने जिस प्रकार से ये फैसला लिया, इसकी मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। धूमल के इस फैसले के बाद वीरभद्र सिंह जी ने फिर से शुरू की। लेकिन आखिरकार फिर भी उन्होंने कहा कि ये उचित नहीं है, प्रदेश हित में उचित नहीं है। हम साधन कम होंगे, चल सकता है, लेकिन प्रदेश के लोगों के लिए हम ऐसी स्थिति पैदा करें जिसके कारण वह आत्महत्या करने पर भी विवश हो जाए, तो ये करना उचित नहीं है, इसलिए उन्होंने भी ये बंद कर दिया।*

मातृ वंदना योजना पंजीकरण

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए विशेष पंजीकरण इस महीने की 15 तारीख तक बढ़ा दिया है। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर–घर जाकर जागरूकता प्रसार और नामांकन अभियान का उद्देश्य सभी गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताओं तक पहुंचना और योजना के तहत समय से उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना है। यह योजना गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताओं को पोषक भोजन के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है और उन्हें स्वास्थ्य की समुचित देखभाल के लिए जागरूक करती है। साथ ही बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करती है।